मईया रानी से मिलना बड़ा जरुरी

मईया रानी से मिलना बड़ा जरुरी..........

जो मैं होती पवन बंसती झोंका बनकर आती,
हो मैया रानी की चुनरी को लहर लहर लहराती,
बन ना सकी मैं हवा का झोंका ये मेरी मजबूरी,
मईया रानी से मिलना बड़ा जरुरी..........

जो मैं होती काली बदरिया छम छम नीर बहाती,
बरस बरस कर गरज गरज कर मैया को नहलाती,
बन ना सकी मैं काली बदरिया ये मेरी मजबूरी,
मईया रानी से मिलना बड़ा जरुरी..........

जो मैं होती वन को मोरनी छम छम नाच दिखाती,
नाच नाच कर कूद कूद कर मैया जी को रिझाती,
बन ना सकी मैं वन की मोरनी ये मेरी मजबूरी,
मईया रानी से मिलना बड़ा जरुरी..........

जो मैं तेरा पता जानती खत लिखती भिजवाती,
सब रसकन को संग में लेकर तुमसे मिलने आती,
पता मेरे पास नही ये मेरी मजबूरी,
मईया रानी से मिलना बड़ा जरुरी..........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31148/title/mayia-rani-se-milna-bada-jaruri

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |